**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 5 अप्रैल 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जींद में 253 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्धघाटन एवं शिलान्यास किया।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद में आयोजित विकास रैली में ऑडिटोरियम व पार्किंग सुविधा सहित जींद शहर के लिए कई घोषणाएं की, विपक्ष पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया, राज्य में पेट्रोल, डीज़ल और गैस की कोई कमी नहीं।

4. हरियाणा में जनगणना का पहला चरण 16 अप्रैल को शुरू होगा।

5. हरियाणा सरकार ने बोर्ड, निगम, वैधानिक निकायों और सरकारी नियंत्रण वाली एजेंसियों में ग्रुप डी के खाली पद, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से भरने का निर्णय लिया है।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जींद में हुई धन्यवाद व विकास रैली में 253 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 140 करोड़ 87 लाख 8 हजार रुपये की 12 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 112 करोड़ 14 लाख 10 हजार रुपये की लागत की 3 परियोजनाओं का उद्घाटन शामिल है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा -

हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें जींद डिस्ट्रीब्यूटरी संख्या 4 का पुनर्निर्माण, गांव स्तर पर आधुनिक सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई व्यवस्था तथा इंटल खुर्द गांव में जल भंडारण के लिए जलाशय का निर्माण शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में 56 करोड़ 36 लाख रूपये की लागत से बने डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने जिन 12 परियोजनाओं का शिलान्यास किया उनमें  हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा गांव मनोहरपुर में बनाया जाने वाला क्रय केंद्र, राजस्व अधिकारियों के लिए बनाए जाने वाले 56 आवासीय भवन, दालमवाला-जीवनपुर-नगुरा मार्ग तथा दरियावाला से बरसौला मार्ग की विशेष मरम्मत तथा जींद-हांसी मार्ग से जींद-भिवानी मार्ग तक बायपास का मजबूतीकरण और चौड़ा करना शामिल है। उन्होंने जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग द्वारा समेकित सैनिक सदन व  गांव कंडेला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य और  मनोहरपुर ड्रेन खुदाई परियोजना की आधारशिला भी रखी।

मुख्यमंत्री ने गांव निर्जन पहुँच मार्ग, जींद-सफीदों से हैबतपुर-खोखरी-बोहतवाला-दालमवाला -कंडेला मार्ग के  चौड़ा करण एवं मजबूतीकरण , और पानीपत से सफीदों तथा सफीदों से जींद मार्ग को चार मार्गीय बनाने का शिलान्यास भी किया। इसके इलावा मुख्यमंत्री ने लगभग 36 करोड़ रुपए की लागत की जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जींद में आयोजित विकास एवं धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के पास न तो कोई स्पष्ट नीति है और न ही कोई ठोस विजन है। विपक्ष केवल भ्रम फैलाने, झूठ बोलने और जनता को गुमराह करने की राजनीति कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वास्तविक विकास होता है, तो झूठ की राजनीति करने वालों को असहजता होती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने जींद के विकास को अनदेखा किया।

मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जींद क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।उन्होंने  कहा कि प्रदेश में 21 नए खेल स्टेडियम बनाए जाएंगे, जिनमें एक जींद में बनेगा । इसके अलावा, 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप में से एक जींद में विकसित होगा।
उन्होंने जींद शहर के लिए कई घोषणाएं भी कीं, जिनमें मॉडल सड़क का निर्माण, रानी तालाब के निकट लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से ऑडिटोरियम व पार्किंग सुविधा का विकास, पालिका बाजार को स्मार्ट बाजार के रूप में विकसित करना तथा शहर की सड़कों पर साज सज्जा वाले खंबे और लाइट लगाना शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयंती देवी मंदिर के सामने स्थित मीट मार्केट को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा, जिस पर लगभग 5 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
रैली को विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिढ़ा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने भी संबोधित किया।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। आज जींद में उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने अफवाहों से बचने की अपील करते हुए कहा कि सरकार कालाबाजारी पर सख्ती से कार्रवाई कर रही है और इस संबंध में कई एफआईआर दर्ज की  गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अधिक से अधिक घरों तक पीएनजी कनेक्शन देने के लिए गैस पाइपलाइन के विस्तार के लिए लीज रेंट को 3 लाख रुपये से घटाकर 1 हजार रुपये कर दिया गया है।

हरियाणा में जनगणना का पहला चरण  16 अप्रैल को शुरू होगा ।  16 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक कोई भी आम जनमानस अपने  मोबाइल फोन, टैबलेट, लैपटॉप, कंप्यूटर इत्यादि के माध्यम से स्व गणना में भाग ले सकता है।

हरियाणा के जनगणना संचालन निदेशक  डॉ ललित जैन ने कहा कि इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन तैयार हो गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले दो-तीन दिनों में 1855  टोल फ्री नंबर चालू हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा  दी गई जानकारी किसी से साझा  नहीं की जाएगी ।

हरियाणा सरकार ने बोर्ड, निगम, वैधानिक निकायों और सरकार के नियंत्रण वाली अन्य एजेंसियों में चौकीदार और सफाईकर्मी के पदों को छोड़कर, ग्रुप-D के सभी खाली पदों को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग  के माध्यम से भरने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी प्रशासनिक सचिवों और बोर्ड तथा निगमों के सभी प्रबंध निदेशकों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने विभागों और उनसे जुड़ी संस्थाओं के अंतर्गत ग्रुप-D के खाली पदों के बारे में विस्तृत जानकारी जमा करें। सभी विभागों से  10 अप्रैल तक, निर्धारित प्रारूप में आवश्यक डेटा उपलब्ध कराने को कहा गया है।

-

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने आज रोहतक पी जी आई का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रक्त जांच केंद्र में रक्त नमूनों के लिए सुविधाओं में इजाफा करने और शौचालयों में सफाई व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए।

पत्रकारों से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि निरीक्षण के दौरान कई जगह खामियां मिली हैं। जल्द ही व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पीजीआई के लिए सरकार की ओर से 540 प्रकार की दवाइयां भेजी जाती हैं लेकिन निरीक्षण के दौरान पता चला कि यहां पर सिर्फ 200 प्रकार की ही दवाइयां हैं। इसे लेकर जांच कराई जाएगी। एक सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। डॉक्टरों की कमी को जल्द दूर कर दिया जाएगा।

---

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज करनाल जिले की विभिन्न अनाज मंडियों का दौरा कर गेहूं खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने करनाल की नई अनाज मंडी में किसानों को मिल रही सुविधाओं, गेहूं की खरीद, उठान और भुगतान की प्रक्रिया की जानकारी ली ।मंत्री ने मंडी में खरीद एजेंसियों के अधिकारियों और आढ़तियों से बातचीत की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

---

पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ मूल चंद शर्मा ने आज बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-3 स्थित चन्द्रिका प्रसाद सामुदायिक भवन, मुजेसर में करीब 14 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। लोगों की मांग पर विधायक ने आजाद नगर में नए सामुदायिक भवन और प्राथमिक विद्यालय के निर्माण की घोषणा की । विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद नगर निगम ने सड़कों की सफाई में उपयोग होने वाली झाड़ू लगाने वाली मशीनों को GPS ट्रैकर, सेंसर और हाईटेक कैमरों से युक्त करने का फैसला लिया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक मशीन में चार कैमरे लगाए जाएंगे, जो आगे और पीछे दोनों दिशाओं की रिकॉर्डिंग करेंगे।

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के मुख्य आयुक्त टी सी गुप्ता द्वारा नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त धीरेन्द्र खड़गटा को RTS framework के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया जाएगा ।

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जींद में 253 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्धघाटन एवं शिलान्यास किया।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जींद में आयोजित विकास रैली में ऑडिटोरियम व पार्किंग सुविधा सहित जींद शहर के लिए कई घोषणाएं की, विपक्ष पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया- राज्य में पेट्रोल, दिसेल और गैस की कोई कमी नहीं।

4. हरियाणा में जनगणना का पहला चरण 16 अप्रैल को शुरू होगा।

5. हरियाणा सरकार ने बोर्ड, निगम, वैधानिक निकायों और सरकारी नियंत्रण वाली एजेंसियों में ग्रुप डी के खली पद, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से भरने का निर्णय लिया है।